# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय : गच्ची बाउली, हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./एम आर/ 04 दिनांक : 13 सितंबर, 2021

**प्रेस विज्ञप्ति**

**बीडीएल ने एसीडीएस को आर्थिक सहयोग**



भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने अपनी नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत आर्मी कॉलेज ऑफ डेंटल सांइसेंस (एसीडीएस), सिकंदराबाद को 'कोन बीम कंप्यूटेड टोमोग्राफ़ी (सीबीसीटी)' उपकरण की खरीद के लिए 45 लाख रुपये का आर्थिक सहयोग दिया।

इस उपकरण का उद्घाटन आज सिकंदराबाद स्थित एसीडीएस में मेजर जनरल आर के सिंह, जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी), तेलंगाना और आंध्र सब-एरिया तथा अध्यक्ष, आर्मी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस, बीडीएल के सीएमडी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), बीडीएल के निदेशक (वित्त), श्री एन श्रीनिवासुलू, थल-सेना के अधिकारीगण, कॉलेज के डॉक्टर और छात्रों की उपस्थिति में किया गया।

सीबीसीटी एक 3-डी इमेजिंग मोडालिटी है, जो एंडोडोंटिक्स, इंप्लांटालॉजी, ऑर्थोग्नाथिक्स, ऑर्थोडोंटिक्स, ओरल व मैक्सीलोफेशियल शस्त्र-चिकित्सा सहित डेंटल व मैक्सीलोफेशियल अनुप्रयोगों के लिए मूल्यवान नैदानिक जानकारी एकत्र करने में सहायक है।

इस अवसर पर बीडीएल के सी एम डी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) ने कहा कि "बीडीएल अपनी सी एस आर पहल के तहत देश में स्वास्थ्य संवंधी अवसंरचानाओं में विकास के लिए सहयोग दे रहा है। आज संस्थापित यंत्र 'कोन बीम कंप्यूटेड टोमोग्राफ़ी' सेवानिवृत्त रक्षा कर्मियों के अलावा आर्थिक रूप से कमजोर मरीज़ों के लिए भी वरदान है।"

सिकंदराबाद स्थित एसीडीएस में इस तरह का यह पहला उपकरण है। यह उपकरण सेवानिवृत्त रक्षाकर्मी / ग्रामीण लोगों को गुणता युक्त दंत चिकित्सा प्रदान करने में सहायक होगा। साथ ही, इस उपकरण से कॉलेज के स्नातकोत्तर छात्रों को भी अनुसंधान और केस स्टडीज में मदद मिलेगी।

बीडीएल, सीएसआर पहल के तहत देश में स्वास्थ्य संबंधी अवसंरचनाओं विकास में अपना योगदान दिया। कंपनी ने नयी दिल्ली में 1000 बेड वाली कोविड-19 विशेष अस्पताल के निर्माण में सहयोग दिया है। इसी प्रकार तेलंगाना के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 96 डीफ फ्रीज़र खरीद कर दिया है। विशाखापट्टणम के विशाखापट्टणम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंन्सेस में मरीज़ों के लिए ऑक्सीजन उपलब्ध कराने अपना योगदान दिया है। आँध्रप्रदेश के विशाखापट्टणम, विजयनगरम, तेलंगाना के भूपालपल्ली और कोत्तगुड़ेम जैसी आकांक्षी जिलों में कोविड जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। साथ ही, लख़नाऊ में अटल बिहारी वाजपायी कोविड अस्पतल के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हाल ही में, बीडीएल ने सिकंदराबाद स्थित मिलट्री अस्पताल में ऑक्सीजन जनरेटर प्लॉट की स्थापना के लिए अपना योगदान दिया है।

***